# इलाज के लिए मरीजों से अतिरिक्त राशि लेने और ऑडिट में गड़बड़ी पाए जाने पर पांच अस्पतालों के विरूद्ध कार्यवाई

- आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत पंजीकृत अस्पतालों के ऑडिट में मिली थी गड़बड़ी
- पंजीकृत अस्पतालों में इलाज में किसी भी तरह की दिक्कत होने पर टोल-फ्री नंबर 104 या 14555 में कर सकते हैं शिकायत

**रायपुर (आरएनएस)।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत पंजीकृत अस्पतालों का ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से उपचार लेने वाले मरीजों का ऑडिट किया जाता है। ऑडिट के दौरान विगत दिनों कुछ अनुबंधित निजी अस्पतालों में गड़बड़ियां पाई गई थीं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा रायपुर और बिलासपुर के ऐसे पांच अस्पतालों के खिलाफ निलंबन एवं अर्थदण्ड की कार्रवाई की गई है। संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं-सह-मुख्य कार्यपालन अधिकारी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना राज्य नोडल एजेंसी, रायपुर के द्वारा ऑडिट में गड़बड़ी पाए जाने वाले




अस्पतालों पर कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। नवापारा रायपुर के अंजलि नर्सिंग होम, माहेर हॉस्पिटल व शाह नर्सिंग होम, बिलासपुर के बालाजी हॉस्पिटल और रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने बिलासपुर के बालाजी हॉस्पिटल को एक साल के लिए निलंबित किया है। नवापारा रायपुर के अंजलि नर्सिंग होम के खिलाफ तीन लाख रूपए के अर्थदण्ड व एक साल के निलंबन, माहेर हॉस्पिटल के खिलाफ पांच लाख रूपए के अर्थदण्ड व एक साल के निलंबन तथा शाह नर्सिंग होम के खिलाफ तीन लाख रूपए के अर्थदण्ड व एक साल के निलंबन की कार्रवाई की गई है।

रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत उपचारित मरीजों से अतिरिक्त राशि लिए जाने के मामले में छह लाख 16 हजार 834 रूपए का अर्थदण्ड लगाया गया है। साथ ही इतनी ही राशि संबंधित मरीजों को वापस दिलाया गया है।

### टोल-फ्री नंबर पर कर सकते हैं शिकायत

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत पंजीकृत अस्पतालों में इलाज में किसी भी तरह की दिक्कत होने पर मरीज या उसके परिजन सीधे टोल-फ्री नंबर 104 या 14555 में शिकायत कर सकते हैं। शिकायत के आधार पर त्वरित कार्यवाही की जाती है। साथ ही उपचारित मरीजों का ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में उपलब्ध डेटा का ऑडिट भी लगातार संबंधित चिकित्सकों के द्वारा किया जाता है। गड़बड़ी पाए जाने पर राज्य नोडल एजेंसी द्वारा समय-समय पर कार्यवाही की जाती है ताकि मरीजों को नि:शुल्क व समुचित उपचार मिल सके।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### युवती से छेड़खानी के आरोपी को धरमजयगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़।** दिनांक 31.01.2023 को धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा छेड़खानी के आरोपी बबलू दास ( उम्र 25 साल) निवासी अमृतपुर धरमजयगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पीड़ित युवती के परिजन 30 जनवरी को थाना धरमजयगढ़ में युवती से बब्लू दास और उसके दो साथी मिलकर छेड़खानी करने रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 29 जनवरी के शाम लगभग शाम 5:30 बजे खेत से वापस घर आने पर छोटी बेटी से छेड़खानी की जानकारी पडोस की महिला और स्वयं बेटी के बताने पर हुआ। शाम करीब 5:30 बजे लड़की कोठार बाडी जहाँ मुगफली लगा है, उसे देखने गई थी, वापस घर आते समय बबलू और उसके दो साथी बुरी नियत से एक कमरे में ले गये, जहां कोई नहीं था। लड़की शोर मचाकर भागी जिसे पडोस की महिला देखी और लड़कों को डांट फटकार की, रिपोर्ट पर थाना धरमजयगढ़ में आरोपियों पर नामजद अपराध धारा 354, 34 आईपीसी के तहत पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों को हिरासत में लेकर तहसीलदार के समक्ष पीड़ित युवती से पहचान कार्रवाई कराया गया। युवती एक ही लड़के बब्लू दास द्वारा छेड़खानी करना बतायी जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं एडिशनल एसपी रायगढ़ के दिशा निर्देषन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ के मार्गदर्शन पर आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्रवाई में थाना धरमजयगढ़ के सहायक उप निरीक्षक शांतिलाल टोप्पो एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस गतिविधि के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**रायगढ़।** आईडीए दवा सेवन एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस गतिविधि के अन्तर्गत सीएमएचओ डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार आज एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में किया गया। जिसमें सुश्री रंजना पैंकरा डी.पी.एम. एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित हुए। जिसमें डॉ.टी.जी.कुलवेदी,जिला मलेरिया अधिकारी के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दवा सेवन 10 से 16 फरवरी 2023 तक किया जाना बताया गया है। दवा लेने कि विधि एवं खुराक के बारे जानकरी दी गई। एक से दो वर्ष तक बच्चों को केवल एल्बेडाजोल की आधी गोली खिलाई जाने, गोली चबाकर चूस कर खाने की सलाह, दवा सेवन कराने वाले द्वारा सभी हितग्राहियों को दी जावे। 2 से 5 वर्ष तक बच्चों को डीईसी एवं एल्बेडाजोल की दवा दी जाए। 5 वर्ष से अधिक आयु वर्गों को डीईसी, एल्बेडाजोल एवं आइवरमेक्टिन की दवा दी दी जाए। राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 से 16 फरवरी 2023 तक दवा सेवन किया जाना है। जिसमें डॉ.टी.जी कुलवेदी ने बताया कि 10 फरवरी 2023 को बूथवाइज आंगनबाड़ी एवं स्कुलों में दवा सेवन करावाया जावेगा एवं 11 तथा 13 फरवरी को गृह भ्रमण करके गाइडलाईन अनुसार दवा सेवन कराया जाएगा। साथ ही जो व्यक्ति या समुदाय गृह भ्रमण के दौरान दवा सेवन से वंचित रह जाते है उनको मॉपअप दिवस के तहत 14 से 16 फरवरी 2023 के बीच में दवा सेवन कराया जावेगा। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिला, स्तनपान कराने वाली महिला, गंभीर बीमारी से पीडितों को दवा (आइवरमेक्टिन) न दिया जाए। 90 सेंटीमीटर से कम ऊंचाई वाले बच्चों को आइवरमेक्टिन की गोली न दिया जावे। एनडीटी कार्यक्रम के तहत आइवरमेक्टिन दवा देने की विधि डेमो के द्वारा बताया गया और जनसमुदाय को सामूहिक दवा सेवन कर रायगढ़ जिले को फाईलेरिया मुक्त जिला बनाने में सहयोग प्रदान करने हेतु अपील की गई।

## काम संभालने के बाद सबसे पहले लोगों की समस्याएं सुनने जनदर्शन में पहुंचे कलेक्टर

- अधिकारियों से कहा कि आवेदनों पर जल्द करें कार्यवाही

**रायगढ़।** जिले में नवपदस्थ कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज अपने पदभार ग्रहण के पश्चात अधिकारियों से परिचय लिया और सबसे पहले जिले के अलग-अलग हिस्सों से आए लोगों की समस्याएं सुनने जनदर्शन में पहुंचे। उन्होंने पहुंचे हुए लोगों से सहजता से छत्तीसगढ़ी में संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम-कोड़ासिया निवासी पंचम लाल मालाकार अपने 17 वर्षीय पुत्र भीष्म देव मालाकार का राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु के अंतर्गत इलाज सुविधा मुहैय्या कराने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उनका कहना था कि उनका पुत्र जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित है। चिकित्सक के अनुसार उनको आजीवन दवाई खाने की सलाह दी गई है। इसी तरह ग्राम-बनोरा के प्रशांत साय अनुदान राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि वे पहले मेहनत-मजदूरी करके जीवन-यापन कर रहे थे। बीते दिनों दुर्घटना में पैर क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिसकी वजह से कही भी आने-जाने में दिक्कत होती है। कलेक्टर सिन्हा ने उक्त दोनों के आवेदन पर सीएमएचओ को तत्काल इलाज सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

ग्राम-कुर्रा के उर्कुली साव एवं आदर्श नगर रायगढ़ की गौरीबाई विधवा पेंशन की मांग हेतु आवेदन लेकर आए थे। उनका कहना था कि पति की मृत्यु पश्चात जीवन-यापन में विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से विधवा पेंशन के लिए आग्रह किया। इसी तरह ग्राम-बनसिया तरकेला की मथुरा बाई, ग्राम-मल्दा के कुमरमणी एवं ग्राम-रक्शापाली के डेहरी सिदार वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन लेकर आए थे। इसी प्रकार मधुबनपारा निवासी श्याम बाई निषाद बीपीएल राशन कार्ड, रायगढ़ लक्ष्मीपुर की सरिता नामदेव नवीन राशन कार्ड सहित अन्य लोग राशन कार्ड बनाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर सिन्हा ने संबंधित अधिकारी को उक्त आवेदन पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम-साल्हेओना की सुमति गोड़ भूमि अधिग्रहण के मुआवजा राशि के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि ग्राम बांजीखोल में स्थित सामिलाती भूमि में से कुछ हिस्सा अधिग्रहित किया गया है, जिसका मुआवजा राशि अन्य हिस्सेदार के खाते में चला गया है। कलेक्टर सिन्हा ने एसडीएम घरघोड़ा को उक्त आवेदन पर जांच करते हुए मुआवजा राशि दिलाये जाने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने धान खरीदी कार्यों के संबंध में ली समीक्षा बैठक

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले के सभाकक्ष में आज धान खरीदी कार्यों की वर्तमान प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जीरो शॉर्टेज के बारे में जानकारी लेते हुए प्रत्येक धान उपार्जन केंद्र को दो अलग-अलग रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा धान उपार्जन, धान उठाव एवं रकबा समर्पण के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का जिक्र करते हुए कहा कि भुगतान संबंधी समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं समय पर उनकी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने धान के आवक और बारदाने का उचित मिलान करने के निर्देश दिए। उन्हों ने वर्मी कम्पोस्ट के बारे में चर्चा करते हुए उसके रखरखाव की व्यवस्था, विक्रय एवं भुगतान संबंधी कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा स्व-सहायता समूह के भुगतान पर ध्यान देने को कहा, भुगतान संबंधी सभी लंबित कार्यों को शीघ्रता से इसी सप्ताह पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने धान खरीदी कार्यों की समाप्ति की घोषणा संबंधी विषय पर कहा कि सर्वप्रथम सभी ऊपार्जन केन्द्रों से फील्ड वेरिफिकेशन की जानकारी प्राप्त हो जाए उसके पश्चात समाप्ति की तिथि घोषित की जाएगी।

## डोंगीतराई स्कूल में आयोजित हुई विज्ञान मेला

- राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत किया गया आयोजन

**रायगढ़।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर एवं जिला परियोजना कार्यालय रायगढ़ के निर्देशानुसार, राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगीतराई संकुल डोंगीतराई विकास खण्ड रायगढ़ अंतर्गत स्कूल में गठित गणित विज्ञान क्लब द्वारा विद्यालय प्रांगण में एक दिवसीय मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में भूतपूर्व सरपंच एवं वर्तमान शाला विकास समिति अध्यक्ष घनश्याम पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया गया। पालकों, महिला समूह की माताओं, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में संस्था के गणित विज्ञान क्लब के सदस्यों द्वारा विज्ञान मॉडल एवं प्रयोग आधरित अभिक्रियाओं का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के 30 विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं गणित से संबंधित मॉडल/प्रयोगों का प्रदर्शन किया। सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा आयोजन की सराहना की गई। कार्यक्रम में सहभागिता के लिए सभी बच्चों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया गया और आगे मेहनत कर गणित एवं विज्ञान के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाकर देश समाज हित मे आगे बढ़कर कार्य करने का आव्हान किया। अध्यक्ष घनश्याम पटेल ने आशीर्वाद वचन देकर सभी बच्चों को प्रेरित किया एवं आयोजन के लिए शाला प्राचार्य एवं शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर संस्था के कार्यरत सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये क्लब के प्रभारी टीचर्स को बधाई दिया गया। उक्त अवसर पर संस्था प्रमुख आर.एन.सिंह, प्राचार्य, संस्था के समस्त व्याख्याता, संकुल शैक्षिक समन्वयक वीरेंद्र कुमार चौहान के साथ-साथ प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के सभी टीचर्स उपस्थित रहे।

## रक्षा टीम ने छात्राओं को अभिव्यक्ति ऐप और अपराधों से बचाव की दी जानकारी

- कार्मेल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुलिस महिला रक्षा टीम का जागरूकता कार्यक्रम

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन तथा एएसपी (IUCAW) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद भैया के मार्गदर्शन पर महिला रक्षा टीम द्वारा आज कार्मेल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाकर स्कूली छात्राओं को यौन अपराध, साइबर अपराध एवं साइबर अपराध से बचने के उपाय, यातायात नियमों की जानकारी देकर उनका पालन करने प्रेरित किया गया। रक्षा



टीम प्रभारी एएसआई मंजु मिश्रा ने छात्राओं को बेटियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा 'हमर बेटी- हमर मान' अभियान प्रारंभ किये जाने की जानकारी दी और बताई कि इस अभियान के तहत कर पुलिस अधिकारी स्थानीय स्कूल, कॉलेजों में जाकर अपराध और अपराधों से बचाव की जानकारी दिया जा रहा है। रक्षा टीम प्रभारी ने छात्राओं को नाबालिगों को प्राप्त क़ानूनी अधिकार, छेड़खानी, यौन शोषण, साइबर क्राइम, सोशल मीडिया क्राइम से बचाव के संबंध में आवश्यक जानकारी देकर यौन घटनाओं या छिंटाकशी पर चुप्पी ना साध कर मामलों की शिकायत परिवारजानों और पुलिस में किये जाने प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को बहुउपयोगी अभिव्यक्ति ऐप की विस्तार से जानकारी देकर ऐप को घर के मोबाइल पर इंस्टाल करने की सलाह दी। छात्राओं को हेल्प लाइन नंबर 112 की जानकारी देकर सेल्फ डिफेंस के टिप्स बताया गया। कार्यक्रम में स्कूल के टीचर्स, महिला रक्षा पुलिस टीम के सदस्यगण और काफी संख्या में उत्साहित छात्राएं भाग ली।

## सड़कों के निर्माण में दिखनी चाहिए तेजी- कलेक्टर सिन्हा

- कलेक्टर सिन्हा ने सड़क निर्माण से जुड़े विभागों की ली बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज पदभार संभालते ही पहले दिन जिले में सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि अभी सड़क निर्माण कार्य के लिए सबसे अनुकूल समय है। ऐसे में पूरी क्षमता से काम हो और निर्माण कार्यों में तेजी दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे हर हफ्ते काम की समीक्षा करेंगे और मौके पर जाकर नियमित रूप से मुआयना भी करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में कहीं कोई दिक्कत आ रही हो तो उसकी सूचना दें, ताकि समस्या का तत्काल निराकरण हो।

कलेक्टर सिन्हा ने आज विभिन्न विभागों द्वारा जिले में करवाए जा रहे सड़क निर्माण कार्यों की अब तक की प्रगति और आगे की कार्ययोजना की सड़कवार समीक्षा की। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालन अभियंता से खरसिया से छाल से हाटी से धरमजयगढ़-पत्थलगांव मार्ग, रायगढ़ से धरमजयगढ़ मार्ग, घरघोड़ा से पूंजीपथरा मार्ग व घरघोड़ा से लैलूंगा मार्ग के विभिन्न हिस्सों में चल रहे निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि काम की गति बढ़ानी होगी।



कलेक्टर सिन्हा ने पीएमजीएसवाई, नेशनल हाईवे, एडीबी, सेतु निर्माण विभाग के काम-काज की भी समीक्षा की। कुछ भू-अर्जन के मामलों की जानकारी भी विभागीय अधिकारियों ने दी। कलेक्टर सिन्हा ने ऐसे मामलों को तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यपालन अभियंता पीएमजीएसवाय से सड़कों के निर्माण के साथ ही मेंटेनेंस के बारे में भी पूरा ब्यौरा लिया।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, ईई पीडब्ल्यूडी आर.के. खाम्बरा सहित पीएमजीएसवाई, नेशनल हाईवे, एडीबी, सेतु निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, अल्पसंख्यकों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## कांकेर जिलें के पखांजूर ने मछली पालन से करीब 500 करोड़ का टर्न ओवर किया

- तीन हजार से अधिक किसान कर रहे हैं मछली पालन
- छत्तीसगढ़ में मछली की क्लस्टर खेती की पहचान अब पूरे देश में

**रायपुर (आरएनएस)।** बस्तर के हरे-भरे क्षेत्र में नीली क्रांति से अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। प्रदेश के कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के तस्वीर बदलने लगी है। इस विकासखण्ड का पखांजूर क्षेत्र मत्स्य उत्पादन के नाम से देश में अपनी एक नई जगह बना रहा हैं। अब यह क्षेत्र देश में मछली पालन के नक्शे पर जाना पहचाना नाम है। यहां क्लस्टर एप्रोच पर मछली पालन किया जा रहा है। यह संभव हुआ है कि कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के पंखाजूर क्षेत्र के किसानों की मेहनत और शासन की योजनाओं के मदद के फलस्वरूप। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में बीते 4 वर्षों में छत्तीसगढ़ हर क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है और पूरे देश में छत्तीसगढ़ की एक नई पहचान स्थापित हो रही है। पखांजूर इलाके में मछली पालन से लगभग पांच हजार से अधिक मत्स्य पालक किसान जुड़े हैं। यहां मछली पालन किस वृहद तौर पर किया जा रहा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इन किसानों के द्वारा मछली बीज, मछलियों के उत्पादन और परिवहन आदि में औसत वार्षिक टर्न ओवर 500 करोड़ रूपए से अधिक का है। इस क्षेत्र में लगभग 19,700 तालाबों, इनमें लगभग 99 प्रतिशत तालाबों में मछली पालन किया जा रहा है। इस क्षेत्र के किसानों ने अपनी मेहनत और हुनर तथा शासन की योजनाओं के फलस्वरूप इस क्षेत्र में क्रांति ला दी। इन परिवारों ने स्थानीय कृषकों की मदद से मछली पालन के काम को आगे बढ़ाया। अब यह कार्य पखांजूर विकासखण्ड के आसपास के गांवों में फैल चुका है। यहां मछली उत्पादन के साथ-साथ मत्स्य बीज का भी उत्पादन हो रहा है। यहां से महाराष्ट्र, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों में मछली बीज की सप्लाई की जाती है। अकेले मछली बीज से ही किसानों को करीब 125 करोड़ रूपए की आय होती है। पखांजूर के बड़ेकापसी गांव की कहानी और भी उत्साहवर्धक है, आसपास के 5 गांवों में किसान मछली की सामूहिक खेती कर रहे हैं। इन गांवों में मछली पालन के लिए 1700 तालाब बनाए गए हैं। जिनमें 30 हजार मीट्रिक टन मछली का उत्पादन होता है। गांव के लोग बताते हैं कि अब वे परंपरागत खेती-किसानी का काम छोड़क़र लोग अब मछली पालन व्यवसाय की ओर बढ़ रहे हैं, क्योकि कम लागत में अधिक मुनाफे का धंधा है। गांवों के उनके कई खेत अब मछली की खेती के लिए तालाब में बदल गए हैं।

पखांजूर क्षेत्र में क्लस्टर एप्रोच में मछली पालन की यह तकनीक किसानों में लगातार लोकप्रिय होते जा रही है। इन गांवों में लगभग 12 हजार 500 हेक्टेयर का जल क्षेत्र मछली पालन के लिए उपलब्ध है। इसके अलावा यहां 27 हेचरी, 45 प्राक्षेत्र, 1623 पोखर, 1132 हेचरी संवर्धन पोखर उपलब्ध हैं। यहां 72 करोड़ मछली बीज का उत्पादन हो रहा है। इनमें से 64 करोड़ मछली बीज देश के विभिन्न राज्यों को भेजा जाता है।